DEEN DAYAL UPADHYAY KAUSHAL KENDRA (DDU-KK)

DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA, INDORE

(Under UGC Scheme for Skill Development)

2nd Floor Vigyan Bhawan, Takshashila Campus, Khandwa Road, Indore

Email ID: ddukkdavv@gmail.com Website: www.ddukk.dauniv.ac.in

Workshop on कार्य संस्कृति एवं नीति

Date: 25 and 26 July 2022

दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र एवं टास्क फोर्स ऑन स्किल डेवलपमेंट, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा आयोजित "कार्य संस्कृति एवं नीति" विषय दो दिवसीय कार्यशाला का समापन दिनांक 26 जुलाई 2022 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता व दीर्घ प्रशासकीय अनुभव के धनी श्री आर डी मुसलगांवकर द्वारा कार्यालय मे प्रबंधन, लेखन शैली एवं नीतियों पर संबोधन रोचक उदाहरणों द्वारा समझाया गया। वि. वि. के 24 अधिकारियों ने इस कार्यशाला का लाभ लेकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। माननीय कुलपति प्रो.रेणु जैन द्वारा इस प्रकार गतिविधिया अविरत संचालित करने की कोशिश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर व्यक्ति को वरिष्ठजनों के अनुभवों से बहुत कुछ सीखने मिलता है और उसका परिणाम निश्चित रूप से अपने कार्यशैली मे दिखता है। कुलाधिसचिव डॉ अशोक शर्मा एवं कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए विषय का महत्व बताया तथा नीतियों को अपने कार्यक्षेत्र मे अपनाने की बात कही। अन्त मे डॉ. माया इंगले मुख्य वक्ता एवं सभी महानुभावों के प्रति आभार व्यक्त किया।